महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली

MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

पत्रांकः रू.वि. / गोप. / प्रयो.मौ. / 2025 / 2836-43 दिनांकः–20.09.2025

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / केन्द्राध्यक्ष
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय,
बरेली।

विषयः– नई शिक्षा नीति–2020 से अच्छादित स्नातक स्तर पर (बी0ए0 / बी0एस–सी0 / बी0कॉम / बी0एस–सी0 गृह विज्ञान) पंचम एवं षष्ठ्म सेमेस्टर एवं परास्नातक स्तर पर (एम0ए0, एम0एस–सी0 एवं एम0कॉम) तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर कीं विशेष बैक परीक्षा 2025 में सम्मिलित होने वाली परीक्षार्थियों की बाह्य प्रयोगात्मक / आन्तरिक परीक्षा सम्पन्न कराने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

नई शिक्षा नीति–2020 से आच्छादित स्नातक स्तर पर (बी0ए0 / बी0एस–सी0 / बी0कॉम / बी0एस–सी0 गृह विज्ञान) पंचम एवं षष्ठ्म सेमेस्टर एवं परास्नातक स्तर पर (एम0ए0, एम0एस–सी0 एवं एम0कॉम) तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर कीं स्पेशल बैक परीक्षा 2025 में सम्मिलित होने वाले ऐसे छात्र / छात्राये जो किन्हीं कारणोंवश प्रयोगात्मक / मौखिकी एवं आन्तरिक परीक्षा में सम्मिलित नहीं पाये आये है।

ऐसे छात्र / छात्राओं की स्नातक स्तर पर पंचम एवं षष्ठ्म सेमेस्टर एवं परास्नातक स्तर पर तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की स्पेशल बैक परीक्षा 2025 हेतु बनाये गये परीक्षा केन्द्र पर बाह्य प्रयोगात्मक / मौखिकी परीक्षाये सम्पन्न करायी जायेगी तथा आन्तरिक परीक्षा के अंक संबंधित महाविद्यालयों द्वारा विश्वविद्यालय पोर्टल पर अपलोड किये जायेगें। संबंधित विभाग प्राचार्य की अनुमति से विश्वविद्यालय एवं राजकीय / अनुदानित / संघटक महाविद्यालयों के स्थायी / सेवानिवृत्त शिक्षकों से संबंधित विषयों की बाह्य प्रयोगात्मक / मौखिकी परीक्षा कराये जाने हेतु सम्पर्क कर परीक्षा सम्पन्न करा सकेगें। संबंधित परीक्षा केन्द्रों / महाविद्यालयो द्वारा दिनॉक 25.09.2025 से दिनांक 10.10.2025 तक प्रयोगात्मक / आन्तरिक परीक्षा सम्पन्न करायी जानी हैं। किसी भी स्थिति में तिथि समाप्ति के पश्चात अंकों को ऑनलाइन स्वीकार नहीं किया जायेगा एवं वेवसाइट बन्द कर दी जायेगी। उपरोक्त के अतिरिक्त निम्न निर्देशों का पालन भी महाविद्यालयों द्वारा सुनिश्चित किया जाना हैः–

1. प्रत्येक महाविद्यालय / परीक्षा केन्द्रो द्वारा अंकपर्ण की दो प्रति तैयार की जायेंगी तथा उनकी हार्ड कॉपी महाविद्यालय / परीक्षा केन्द्रों में ही सुरक्षित रखी जायेंगी, अंक केवल ऑनलाइन प्रकिया के माध्यम से ही स्वीकार्य होगें। विश्वविद्यालय को आवश्यकता पड़ने पर महाविद्यालय को सम्बन्धित अंकपर्ण की मूल प्रति उपलब्ध करानी होगी। उन्हें किसी भी माध्यम से विश्वविद्यालय प्रेषित किये जाने की आवश्यकता नहीं हैं।
2. सभी प्रकार की परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकायें चुनौती मूल्यॉकन (Challenge Evaluation) से अच्छादित हैं, अतः प्रयोगात्मक परीक्षा की उत्तरपुस्तिका सुरक्षित रखी जायें तथा विश्वविद्यालय द्वारा मॉगें जाने पर तत्काल उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
3. परीक्षकों को पूर्व की भॉति नियमानुसार पारिश्रमिक देय होगा।
4. परीक्षा समिति की बैठक दिनॉक 17.12.2008 में लिये गये निर्णयानुसार प्रयोगात्मक परीक्षा में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों की उत्तरपुस्तिकाओं के सील्ड पैकेट पृथक से विश्वविद्यालय द्वारा मॉगे जा सकते हैं।

भवदीय

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्राचार्य / केन्द्राध्यक्ष, समस्त संबंधित परीक्षा केन्द्रों को इस आशय से प्रेषित आपके परीक्षा केन्द्र से सम्बद्ध किये गये महाविद्यालयों की बाह्य प्रयोगात्मक / मौखिकी परीक्षा सम्पन्न कराये जाने का कष्ट करे।
2. प्राचार्य, प्राचार्या, समस्त संबंधित महाविद्यालय को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उपरोक्त कार्यकमानुसार आन्तरिक परीक्षा के अंक पोर्टल पर अपलोड करने का कष्ट करे।
3. डा0 अमित सिंह, मीडिया प्रभारी।
4. उप–कुलसचिव (गोपनीय)।
5. प्रभारी, विश्वविद्यालय बेवसाइट।
6. प्रभारी, ऑनलाइन एजेन्सी।
7. निजी सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ प्रेषित।

परीक्षा नियंत्रक